BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 11 जनवरी, 2025 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना कोतवाली नगर**

शातिर गौकश बदमाश के साथ थाना कोतवाली नगर पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 10,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 11/12.01.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली नगर पुलिस एक अभिसूचना के आधार पर खालसा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक बाइक पर 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुके बल्की बाइक को तेजी से मोड़कर बदनौरा पुल की तफर भागने का प्रयास करने लगे। जिसपर बदमाशो की बाइक ज्ञानलोक कॉलोनी के पास अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया व दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहा। जिसकी कांबिंग कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान शानू उर्फ नन्हे पुत्र महबूब निवासी ग्राम उझाती थाना सैदनगली जनपद अमरोहा के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का अपराधी हैं। अभियुक्त शानू उर्फ नन्हे थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुअसं 1143/24 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 में वांछित चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. शानू उर्फ नन्हे पुत्र महबूब निवासी ग्राम उझाती थाना सैदनगली जनपद अमरोहा।

बरामदगी-

1- 01 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (UP13 BV 5150)
2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा, 01 खोखा कारतूस।

अभियुक्त शानू उर्फ नन्हे का आपराधिक इतिहास-

1- मुअसं-511/14 धारा 398/401 भादवि थाना सहसवान जनपद बदायूँ।
2- मुअसं-025045/18 धारा 379/411 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली।
3- मुअसं-021895/18 धारा 379/411 भादवि थाना महरौली दिल्ली।
4- मुअसं-019282/18 धारा 379/411/34 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली।
5- मुअसं-023930/18 धारा 379 भादवि थाना ई पुलिस स्टेसन एमवीएक्ट दिल्ली।
6- मुअसं-80046980/24 धारा 356/379/34 भादवि थाना कृष्णानगर दिल्ली।
7- मुअसं-257/24 धारा 356/379/34 भादवि व 102 सीआरपीसी थाना कृष्णानगर दिल्ली।
8- मुअसं-1143/24 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।
9- मुअसं-512/24 धारा 4/25 आयुध अधि0 थाना सहसवान जनपद बदायूँ।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर।
2- उ0नि0 विमल कुमार, उ0नि0 धर्मवीर सिंह, उ0नि0 राहुल कौशिक।
3- है0का0 कपिल, है0का0 कुल्दीप राठी, है0का0 मोहित मलिक।

मीडिया सेल बुलंदशहर